<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गढ़भोज दिवस का आयोजन

पन्तनगर। 8 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गढ़भोज दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा लक्ष्यगीत के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ किया। कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना डा. सोनू रानी ने विद्यार्थियों को 'गढ़भोज दिवस' विषय पर व्याख्यान देते हुए मोटे अनाजों एवं उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न व्यंजनों के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में रैली के माध्यम से मोटा अनाज के सेवन से होने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थी रैली के माध्यम से परिसरवासियों को जागरूक करते।

निदेशक संचार